# 2015 हिन्दी (प्रतिदर्श प्रश्न पत्र)
## (केवल कृषि वर्ग भाग–2 के लिए)

**समयः 3 घण्टे** **पूर्णांक 100**

निर्देश : (1) इस प्रश्न पत्र मे ंदो खण्ड 'अ' और 'ब' हैं। दोनों खण्डों के सभी प्रश्नों के उत्तर देने है। प्रश्नों के उत्तर यथा सम्भव क्रमवार दीजिए।

(2) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**खण्ड – 'अ'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कविता कामिनी के कमनीय नगर में कालिदास का मेद्य दूत एक ऐसे भवन के सदृश जिसमें पद्य रूपी अनमोल रत्न जड़े हैं– ऐसे रत्न, जिनका मोल ताजमहल में लगे रत्नों से भी कहीं अधिक है, आँधी तूफान से उसे हानि पहुँचती है, बिजली गिरने से वह नष्ट–भ्रष्ट हो सकता है, पर इस अलौकिक भवन पर इनमें से किसी का भी जोर नहीं चलता। न वह गिर सकती है, न घिस सकती है, न उसका कोई अंश टूट ही सकता है। काल पाकर और इमारतें जीर्ण होकर भूमिगत हो जाती हैं, पर यह अद्‌भुत भवन न कभी जीर्ण होगा और न कभी इसका ध्वंस ही होगा। प्रत्युत इसकी रमणीयता वृद्धि की ही आशा है। इसे अजर भी कह सकते हैं और अमर भी।

प्र० (क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 3

(ख) कविता कामिनी के कमनीय नगर का क्या अभिप्राय है ? 3

(ग) कविता के भवन में जड़े रत्न कैसे है ? 3

(घ) काव्य रूपी भवन को कैसा बताया गया हैं। 3

(ड) कालिदास के मेद्य दूत की तुलना किससे की गई है ? 3

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए– 10

(क) जीवन में श्रम का महत्व

(ख) उत्तराखण्ड के लोक पर्व

(ग) वर्तमान शिक्षा–प्रणाली के गुण–दोष

(घ) भ्रष्टाचारः एक सामाजिक बुराई

(ड) राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान

3.. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए।

(क) अच्छे समाचार के क्या लक्षण है। 1

(ख) संचार में 'फीड बैक' से क्या तात्पर्य है। 1

(ग) किन्ही दो हिन्दी के दैनिक समाचार पत्रों के नाम लिखिए। 1

(घ) विज्ञापन की भाषा कैसी होती है ? 1

(ङ) मुद्रण माध्यम से आप क्या समझते है। 1

4. बस स्टैण्ड पर हुए बम विस्फोट के आप प्रत्यक्षदर्शी है। इसकी एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। 5

अथवा

'समाचार पत्र लोकतंत्र का प्रहरी' विषय पर लगभग 150 शब्दों का आलेख तैयार कीजिए।

5. निम्नलिखित काव्यांश पर पूछे गये किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $1^1/2+1^1/2=3$

अन्धकार की गुहा सरीखी, उन आँखों से डरता है मन,
भरा दूर तक उनमें दारूण दैन्य दुःख का नीख रोदन।
वह स्वाधीन किसान रहा, अभिमान भरा आँखों में इसका,
छोड़ उसे मझधार आज संसार कगार सदृश वह खिसका।

(क) प्रस्तुत कविता में किसका चित्रण किया गया है ?

(ख) 'उन आँखों' में किसकी ओर संकेत किया गया है ?

(ग) डरते हुए भी कवि ने उस किसान की आँखों की पीड़ा का वर्णन क्यों किया है ?

6. निम्नलिखित काव्यांश पर पूछे गये किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $1^1/2+1^1/2=3$

उहाँ राम लछिमनहि निहारी। बोले वचन मनुज अनुसारी।।
अर्धराति गई कपि नहिं आयउ। राम उठाइ अनुज उर लायऊ।।
सकहु न दुखित देखि मोहि काऊ। बंधु सदा त व मृदुल सुभाऊ।
मम हित लागि तजेहु पितु माता। सनेहु बिपिन हिम आतप बाता।

(क) 'बोले वचन मनुज अनुसारी' शब्द समूह का प्रयोग किसके लिए हुआ है ? 'मनुज अनुसारी' का आशय बताइए।

(ख) 'कपि' शब्द का प्रयोग किसके लिए हुआ है ? वह किस काम को सम्पन्न करके अभी तक नहीं आया है ?

(ग) उक्त काव्यांश के अन्तिम चार चरणों का सम्बन्ध किससे है और उसके स्वभाव की क्या विशेषताएं हैं ?

7. निम्नलिखित काव्यांशों का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिएः— 2+2=4

(क) दूध की मथनि या बड़े प्रेम से बिलोयी
दधि मथि घृत काढ़ि लिये, डारि दयी छोयी।

(ख) छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।
कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष;
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव पुष्पों से नामित हुआ विशेष।

8. (क) मीरा जगत को देखकर क्यों रोती है ? 2

अथवा

मायके आयी बहन के लिए कवि ने परिताप का घर क्यों कहा है।

(ख) विप्लव का वीर कौन है और उसे कौन बुला रहा है ? 2

अथवा

'सहर्ष' स्वीकारा है' कविता क्या प्रेरणा देती है ?

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः—$^1/2+1^1/2=3$

साहबों, उस दिन मटिया महल की तरफ से न गुजर जाते तो राजनीति, साहित्य और कला के हजारों—हजार मसीहों की धूम धड़ल्ले से नानबाइयों के मसीहा मियाँ नसीरूद्दीन को कैसे तो पहचानते और कैसे उठाते लुत्फ उनके मसीही अन्दाज का। हुआ यह कि हम दुपहरी जामा मस्जिद के आड़े पड़े मटिया महल के गढ़ैया मुहल्ले की ओर निकल गए। एक निहायत मामूली अन्धेरी सी दुकान पर पटापट आटे का ढेर सनते देख ठिठके। सोचा सेवइयो की तैयारी होगी, पर पूछने पर मालूम हुआ खानदानी नानबाई मियाँ नसीरूद्दीन की दुकान पर खड़े हैं। मियाँ मशहूर है छप्पन किस्म की रोटियाँ बनाने के लिए।

(क) पाठ और लेखक का नाम बताइये।

(ख) नसीरूद्दीन अपनी दुकान पर कितने प्रकार की रोटियाँ बनाते थे।

(ग) नसीरूद्दीन की दुकान कहाँ थी और वहाँ क्या काम होता था ?

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिएः– $1^1/2+1^1/2=3$

कबीर बहुत कुछ इस शिरीष के समान ही थे, मस्त और बेपरवाह, पर सरस और मादक। कालिदास भी जरूर अनासक्त योगी रहे होंगे। शिरीष के फूल फक्कड़ाना मस्ती से ही उपज सकते हैं और मेघदूत का काव्य उसी प्रकार के अनासक्त अनाविल उन्मुक्त हृदय में उमड़ सकता है।

(क) शिरीष के फूल को मस्त और बेपरवा, पर सरस और मादक क्यों कहा गया है ?

(ख) कबीर व कालीदास की तुलना शिरीष से क्यों की गई है ?

(ग) अनासक्त, अनाविल उन्मुक्त हृदय से आप क्या समझते हैं ?

11. लेखिका मियाँ नसीरूद्दीन के पास क्यों गई ? 3

अथवा

पथेर पांचाली फिल्म की शूटिंग का काम ढाई साल तक क्यों चला ?

12. जाति प्रथा, पेशे का पूर्व निर्धारण कैसे करती है ? 3

अथवा

पानी बरसने पर भी गगरी फूटी ही रह जाती है और बैल प्यासे ही रह जाते है। ऐसा क्यों कहा जाता हैं ?

13. कुई की खुदाई किस औजार से की जाती है और क्यों ? 2

अथवा

बेबी की जिन्दगी में तातुश का परिवार न आया होता तो उसका जीवन कैसा होता ?

14. यशोधर बाबू अपने घर की सम्पन्नता से भी उदास व निराश क्यों रहते थे ? 2

अथवा

सिन्धु घाटी की सभ्यता को जल संस्कृति क्यों कहा जाता है ?

15. राजस्थान में कुई सार्वजनिक स्थान पर बनने के बाद भी ग्राम सभी का अंकुश होता है, ऐसा क्यों ? 5

अथवा

जूझ कहानी के आधार पर बताइये कि कथा के नायक के व्यक्तित्व पर सर्वाधिक प्रभाव किसका पड़ा और किस रूप में ?